**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा बागडोगरा हवाईअड्डे पर सतर्कता कार्यशाला का आयोजन किया ।</u>**

**नई दिल्ली, 31 मई, 2017 : निगमित सतर्कता विभाग, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 25 से 26 मई, 2017 तक ''प्रबंधक कार्यों के रूप में सतर्कता'' विषय पर बागडोगरा हवाईअड्डे पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में बागडोगरा, रायपुर, बेहरामपुर, दुर्गापुर, एफ एस टी सी, कोलकाता, झारसीगुडा, भुवनेश्वर, क्षेत्रीय मुख्यालय/ पूर्वी क्षेत्र तथा एन एस सी बी आई हवाईअड्डा, कोलकाता के 50 कार्यपालकों तथा गैर कार्यपालकों ने भाग लिया । श्रीमती उपमा श्रीवास्तव, भा. प्र. से. मुख्य सचिव, सिक्किम द्वारा कार्यक्रम का उदघाटन किया गया । इस कार्यशाला में सतर्कता तथा अनुशासनिक मामलों के अनेक पहलुओं को शामिल किया गया । प्रसिद्ध वक्ताओं के बीच श्रीमती उपमा श्रीवास्तव, आई ए एस (एस के:1988) द्वारा ''प्रबंधन में नीतिशास्त्र'' पर अपने विचार प्रकट किए गए जब कि श्री एम. पी. जुनेजा, आई ई एम, भा वि प्रा, भूतपूर्व सी टी ई, सी वी सी तथा भूतपूर्व अतिरिक्त सदस्य, रेलवे बोर्ड द्वारा सार्वजनिक प्रापण प्रक्रिया में सामान्य अनियमितताओं पर अपने विचार प्रकट किए गए । इस कार्यशाला के दौरान सतर्कता मामलों पर अध्ययन, ई सी डी ए विनिमय तथा सत्यनिष्ठा समझौते के बारे में प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किए गए । श्री केशव राव, सी वी ओ, भा वि प्रा, द्वारा कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए सभा को संबोधित किया । रोकथाम तथा सतर्कता से संबंधित विभिन्न मामलों पर गहन चर्चा एवं विचार-विर्मश किया गया ।**

---

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,

सं. 09/2017-18

( बाएं से दाएं ) बागडोगरा हवाईअड्डे पर 25 से 26 मई, 2017 के दौरान आयोजित प्रबंधन कार्यों के रूप में सतर्कता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला में मंचासीन श्री आर. आर. सहाय, विमानपत्तन निदेशक, बागडोगरा, भा वि प्रा, श्री एम. पी. जुनेजा, आई ई एम, भा वि प्रा, श्रीमती उपमा श्रीवास्तव आई ए एस (एस. के: 1988), श्री केशव राव, सी वी ओ, भा वि प्रा, श्री संजय जैन, क्षे. का. नि. (पू.क्षे) तथा श्री एस. एन. बोरकर, महाप्रबंधक (सतर्कता)